## बीना पंचोली महिला मंडल अध्यक्ष मनोनीत

**मदनगंज-किशनगढ़,(निस)।** हरियाणा गौड ब्राह्मण पंचायत संस्था मदनगंज अध्यक्ष गोपाल प्रधान के निर्देशानुसार पंचायत संस्था मदनगंज महिला मंडल अध्यक्ष पद के लिये बीना पंचोली पत्नी प्रेमचन्द्र पंचोली को पदीय दायित्व सौपा है। साथ ही सचिव पद पर ऋचा भोपलावत पत्नी दिलीप भोपलावत व कोषाध्यक्ष पद पर आशा बामड्या पत्नी रमेशचन्द्र बामड्या का मनोनयन किया है। इस दौरान अध्यक्ष गोपाल प्रधान, उपाध्यक्ष महेश बामड्या, सचिव सुमेर बैरोज्या, सहसचिव धर्मेंद्र प्रधान, कोषाध्यक्ष जयशंकर कालवाण्या, भंडाराध्यक्ष मोहन पंचोली, सांस्कृतिक मंत्री रमाकांत कोठोत्या आदि उपस्थित रहे।

# निरंकार ही जीवन का आधार, नन्हे बच्चों की प्रस्तुति देख भक्त श्रद्धालु हुए गद-गद

**भीलवाड़ा।** संत निरंकारी मंडल आरजिया चौराहा स्थित रविवार को सत्संग भवन पर सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की कृपा से बाल समागम का आयोजन हुआ।

बाल समागम मैं बच्चों व भक्त श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कानपुर ( उत्तर प्रदेश ) से आए प्रचारक संत संतोष गुप्ता ने कहा कि निरंकार को अपनी जिंदगी का आधार बनाकर जीवन जीना चाहिए, जिसके जीवन में निरंकार नहीं है उसका कोई आधार नहीं है निरंकार को अपने जीवन के कार्यों में शामिल करने से सारे कार्य आसान बन जाते हैं। आज हम इस निरंकार को भूल गए हैं हर माता-पिता चाहता है कि हमारे बच्चे संस्कारवान बने तो पहले हमें सद्गुरु के शरण में जाकर सेवा सत्संग सुमिरन से जुड़ना है।

सद्गुरु माता सुदीक्षा महाराज कहते हैं कि पहला आधार निरंकार को ही बनकर ज्ञानवान एवं संस्कारवान बन सकते हैं सतगुरु का ज्ञान से हमरा मे-मे का अहंकार खत्म हो जाता है। जब तक हम बच्चे बनकर रहेंगे तो मस्त रहेंगे गुरु के आगे हम सभी को बच्चे बनकर ही रहना है। उम्र हमारी नहीं शरीर की होती है आत्मा की नहीं आत्मा अजर -अमर है आत्मा की कोई उम्र नहीं होती। आज बच्चे माता-पिता का आचरण को देखकर ही दुनिया वीं बातें सीखते हैं। इसलिए पहले माता-पिता को ज्ञानवान जीवन जीकर बच्चों को वैसा ही संस्कार देना चाहिए।

मीडिया सहायक लादूलाल ने बताया कि भीलवाड़ा जॉन का विशाल संत समागम में नन्हे मुन्ने बच्चों ने गीत कविता, गजल, नाट्यय, तथा अपने विचारों द्वारा प्रस्तुति दी एवं सद्गुरु का आशीर्वाद प्राप्त किया। नन्हे बच्चों की कला व प्रस्तुति देखकर भक्त श्रद्धालु भाव विभोर हो गए एवं करतल ध्वनि से उनका हौसला बढ़ाया।

बाल समागम में उदयपुर, चित्तौड़गढ़, गुलाबपुरा, मांडलगढ़, तथा भीलवाड़ा के आसपास के कई बच्चों ने भाग लिया। अंत में संत जगपाल सिंह ने कानपुर से आए संत संतोष गुप्ता एवं सत्संग का आभार प्रकट किया। समागम के दौरान क्षेत्रीय संचालक हरिचरण, शिक्षक रमेश कुमार मेहरा की देखरेख में सेवादल के भाई -बहन ने सेवा कार्य में भाग लिया।

## मेघवाल प्रतिभा सम्मान समारोह

**ब्यावर** (निसं)। सर्व मेघवंशी मेघवाल समाज राजस्थान सेवा संस्था की आम सभा मीटिंग बाबा रामदेव मंदिर शाहपुरा मोहल्ला में संरक्षक नारायण मेहड़ा ,अध्यक्ष गुरु शरण गोयल के निर्देशन हुई।

मेघवाल समाज के 24 अगस्त को आयोजित होने वाले प्रतिबद्ध सम्मान समारोह को लेकर विभिन्न निर्णय हुए।सचिव राधेश्याम कटारिया ने बताया कि प्रतिभा सम्मान समारोह में समाज की कक्षा 10 एवं 12 में 75 प्रतिशत तथा कॉलेज शिक्षा में 70 प्रतिशत प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।

## सार-समाचार

### कला को घर-घर पहुँचाने का संकल्प

**भीलवाड़ा।** नवदीप क्राफ्ट एक्सपो प्राइवेट लिमिटेड और दीपिका आर्ट अकादमी, भीलवाड़ा के संयुक्त तत्वावधान में कला प्रदर्शनी रविवार से प्रारंभ हुई। यह प्रदर्शनी तवे पर चित्रकारी और भारत के पारंपरिक शिल्प को लेकर है। प्रदर्शनी के शुभारंभ के साथ ही नवदीप क्राफ्ट एक्सपो प्राइवेट लिमिटेड का भी उद्घाटन हुआ। इस प्रदर्शनी में भारत के हर कोने की अनोखी कला और शिल्प को प्रदर्शित किया जा रहा है। नवदीप क्राफ्ट का उद्देश्य भारत की कला और शिल्प को देश और विदेश तक पहुँचाना है, ताकि देश के कलाकारों को पहचान और रोजगार दोनों मिल सके। प्रदर्शनी में राजस्थान की कावड़ फड़, मोलेला की मिट्टी की मूर्तियां, जयपुर की ब्लू पाटरी, पेपर माशे के मास्क और अन्य राज्यों की लोककलाओं को भी प्रदर्शित किया गया है। नवदीप क्राफ्ट के नवीन पाराशर व दीपिका पाराशर ने प्रेस वार्ता में बताया कि इस प्रदर्शनी के जरिए यह संदेश दिया जा रहा है कि भारत के हर छोटे-बड़े शहर और गली में ऐसी अनोखी कलाएं छुपी हैं जिन्हें सही मंच नहीं मिल पाता। नवदीप क्राफ्ट एक्सपो प्राइवेट लिमिटेड इसी काम में जुटा है ताकि ये कला और कलाकार दुनियां के हर कोने तक पहुँच सकें। उन्होंने राजा रवि वर्मा का उदाहरण देते हुए बताया कि वे एक बड़े कलाकार थे, उनकी पेंटिंग्स बहुत महंगी होती थी, लेकिन उन्होंने प्रिंटिंग के जरिए उनकी कला को हर घर तक पहुँचाया। ठीक इसी तरह नवदीप क्राफ्ट का भी उद्देश्य है कि आम आदमी के घर तक भारत की सुंदर कलाकृति पहुँचे। इस प्रयास से न केवल कलाकारों को रोजगार मिलेगा, बल्कि भारत की पुरानी और पारंपरिक कलाओं को भी नई पहचान मिलेगी।यह प्रदर्शनी 27 जुलाई सुबह 11 से शाम 7 बजे तक तक दीपिका आर्ट एकेडमी शास्त्रीनगर में दर्शकों के अवलोकनार्थ खुली रहेगी। नवदीप क्राफ्ट एक्सपो प्राइवेट लिमिटेड और दीपिका आर्ट अकादमी ने शहर के सभी कला प्रेमियों, कलाकरों और नागरिकों से प्रदर्शनी का अवलोकन कर कलाकारों को प्रोत्साहन देने की अपील की है।

### शिवालयों में हुआ सहस्त्रधारा अभिषेक, मंत्रोच्चार की रही गूंज

**भीलवाड़ा।** नगर निगम भीलवाड़ा द्वारा श्रावण मास के पावन अवसर पर 70 वार्डों के 70 मंदिरों में 70 अभिषेक कार्यक्रम दसवें दिन महापौर राकेश पाठक के नेतृत्व में शहर के 3 वार्डों में संपन्न हुआ। वार्ड 9 के अंतर्गत सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में पूर्व सांसद सुभाष बहेडिया के सान्निध्य व पार्षद लव कुमार सुनीता देवी जोशी की उपस्थिति में, वार्ड 60 में शहीद स्मारक के पास शिव मंदिर में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के सानिध्य एवं पार्षद रेखा पूरी की उपस्थिति में एवं वार्ड 20 में पार्षद राजेंद्र पोरवाल की उपस्थिति में सहस्त्रधारा अभिषेक का आयोजन हुआ। पंडित योगेन्द्र शर्मा ने अभिषेक संपन्न कराया। इस दौरान भगवती प्रसाद जोशी, प्रहलाद त्रिपाठी, ऋतुशेखर शर्मा, कार्यक्रम संयोजक ओम साईराम, अनिल सिंह, पूर्व सैनिक एनडी चास्टा, डीसी जैन, मोट सिंह, अशोक टहिलानी, पन्नालाल, रतन अग्रवाल, हस्तीमल बाफना, गोविंद नारायण राठी, ललित सुराणा, दिनेश सेन, सोनू गुर्जर, भगवती गुर्जर, कैलाश अग्रवाल, सत्यनारायण सोनी, भरत लखारा, केसाराम माली, सुमन अग्रवाल, रेनू शर्मा, कमलेश लाठी, रामपाल नुवाल, शंभू पंवार, कीर्ति गोरा, पंडित गणेश, श्याम तोषनीवाल, पंकज अग्रवाल, सत्यनारायण तोषनीवाल सहित अनेक वार्डवासी एवं श्रद्धालु मौजूद रहे। आज वार्ड 10 और 11 में होगा सहस्त्रधारा अभिषेक - नगर निगम द्वारा आयोजित श्रावण मास सहस्त्रधारा अभिषेक कार्यक्रम आज प्रातः 8 बजे वार्ड 10 के अंतर्गत ऋण मुक्तेश्वर महादेव मंदिर एवं वार्ड 11 में स्थित बाल हनुमान मंदिर में आयोजित होगा।

### राजस्थान राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी संघ अजमेर के अध्यक्ष बने राजेश चौधरी

**अजमेर।** राजस्थान राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी संघ जिला शाखा अजमेर के अध्यक्ष पद के चुनाव कलेक्ट्रेट परिसर में संपन्न हुए जिसमें राजेश चौधरी ने 85 मत हासिल कर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी राजेश शर्मा को 46 वोट से पराजित किया। पहली बार अजमेर जिले में राजस्थान राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी संघ के लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव आयोजित किए गए, जिसमें जिले के समस्त उपखंड कार्यालय, तहसील कार्यालय, संभागीय आयुक्त कार्यालय एवं कलेक्ट्रेट के कुल 227 कार्मिकों में से 197 कार्मिकों ने अपने मत का उपयोग किया। जिला कलेक्ट्रेट में कार्यरत अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी राजेश चौधरी के जीत की घोषणा होते ही उनके साथियों में काफी उत्साह का माहौल नजर आया और उन्होंने पटाखे चलाकर और ढोल बजाकर अपनी खुशी जाहिर की। चौधरी ने अपनी जीत का श्रेय अपने साथियों को देते हुए कहा कि वे कर्मचारियों के साथ उनकी समस्याओं के निदान के लिए हर स्तर पर प्रयास करने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

## 507 होनहारों का किया गरीब नवाज अवॉर्ड से सम्मान

**भीलवाड़ा।** मुस्लिम रॉयल्स ग्रुप भीलवाड़ा के चेयरपर्सन शाहबुद्दीन शेख ने बताया की मुस्लिम प्रतिभा सम्मान समारोह भीलवाड़ा में इस बार 507 मुस्लिम होनहारों को गरीब नवाज अवॉर्ड से नवाजा गया।

कक्षा 10 वे 12 में 70 प्रतिशत लाने वाले ग्रेजुएशन ओर पोस्ट ग्रेजुएशन में 65 प्रतिशत लाने वाले के साथ इस साल कुरान हाफिज बने,राष्ट्रीय स्तर पर खेलो के भाग लेने वाले ओर विभिन्न प्रतियोगिता में टॉप रहने वाले की हौसला अफजाई की गई सभी बच्चों के चेहरे पर खुशी झलक रही थी प्रोग्राम के लिए हुए सभी रजिस्ट्रेशन में से कक्षा 10 में असमा परवीन मंसूरी ने 98.50 प्रतिशत कक्षा 12 में मोहम्मद अनस रंगरेज ने 96.40 प्रतिशत लाकर जिले में टॉप किया कार्यक्रम मौलाना अमीनुल कादरी ,डॉ अखलाक उस्मानी,डॉ एच रहमान, मौलाना सलीम अखबरी, मोहम्मद हारून छिपा,डॉ असलम मंसूरी,हाजी अब्दुल सलाम मंसूरी, कालू भाई शेख,मोहम्मद रफीक रंगरेज,हाजी जमालुद्दीन छिपा,हाजी अहमद हुसैन मंसूरी,सैय्यद शराफत अली, हाजी अजीज मोहम्मद डायर, सैय्यद अब्दुल अजीज,अब्दुल वाहिद मेवाफरोश,मोहम्मद सलीम अब्बासी, हाजी अजीमुद्दीन,अब्दुल गफ्फार देशवाली, शकील अहमद शेख, मोहम्मद जाबिर पठान,हाजी मोहम्मद आरिफ छिपा, हाजी अब्दुल सलाम मुल्तानी, हाजी मुख्तियार अहमद, हाजी अब्दुल रहमान डायर,मोहम्मद सलीम काजी,साबिर हुसैन घोसी,हाजी रशीद मोहम्मद बागवान, मोहम्मद शमीम अंसारी, अब्दुल हमीद शेख,अब्दुल वाहिद शेख,मंच पर मौजूद रहे साथ ही मुस्लिम रॉयल्स ग्रुप चीफ सदस्य हमीद रंगरेज सैय्यद कंवर अली अली शेख,हाजी निजामुद्दीन शेख, चेयरपर्सन शाहबुद्दीन शेख,वाइस चेयरपर्सन मोहम्मद अली मंसूरी,रफीक पठान, सेकेट्री हाजी अकरम छिपा, मोहम्मद उमर डायर, मोहम्मद आसिफ मेवाफरोश, हाजी मोहसिन अली मंसूरी, मोहम्मद शाहिद देशवाली,हाजी मोहम्मद रजा छिपा, अजहरुद्दीन शेख,मोहमद उमर नागौरी, हाजी असलम सिलावट,कय्यूम मोहम्मद सक्का, नफीस मुल्तानी, जावेद काजी, रिजवान बागवान, मोहम्मद यासीन घोसी, मुजीबुर्रहमान डायर,वसीम अंसारी, सहित पूरे मुस्लिम रॉयल्स ग्रुप ने आने वाले सभी होनहारों का इस्तिकबाल किया। राजस्थान के अलग अलग जिले में होने वाले मुस्लिम प्रतिभा सम्मान समारोह में से भीलवाड़ा जिला 507 बच्चों का रजिस्ट्रेशन कर एक राजस्थान में हुए अब तक के मुस्लिम प्रतिभा सम्मान समारोह में इतिहास कायम किया हे मंच का संचालन मोहम्मद शरीफ नागौर ने किया।

## महापुराण कथा की तैयारियों के लिए बैठक

**भीलवाड़ा।** धर्मनगरी भीलवाड़ा शहर में पहली बार प्रख्यात कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मुखारबिंद से 9 से 15 सितम्बर तक शिव महापुराण कथा का आयोजन आजादनगर स्थित मेडिसिटी ग्राउण्ड पर किया जाएगा। कथा श्रवण करने के लिए प्रतिदिन लाखों शिव भक्तों के उमड़ने की संभावना के दृष्टिगत व्यापक स्तर पर तैयारियां की जाएगी। सभी के सहयोग से एतिहासिक भक्तिमय आयोजन हो इसके लिए कथा आयोजन की तैयारियों में सर्व समाज को जोड़ा जाएगा। कथा की तैयारियों पर चर्चा के लिए शिवमहापुराण कथा आयोजन समिति की कार्यकारिणी की बैठक शनिवार शाम संकटमोचन हनुमान मंदिर के महन्त बाबूगिरीजी महाराज के सानिध्य में मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक में समिति के कार्यकारी अध्यक्ष राधेश्याम सोमानी ने अब तक हुई तैयारियों के बारे में बताया ओर कहा कि सभी भीलवाड़ावासियों के सहयोग से इस महाआयोजन को सफल एवं एतिहासिक बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि आयोजन के लिए समिति के अध्यक्ष एवं भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी की सहमति से कार्यकारिणी गठित करने के साथ सम्बन्धित पदाधिकारियों को अलग-अलग दायित्व सौंप दिए गए है।

# 'राहत कार्यों में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त, समय पर पहुंचाएं मदद'

- भारी बारिश को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर, राहत और बचाव के लिए पूरी तैयारी

**ब्यावर** (निसं) मानसून वर्षा 2025 के दौरान जिले में लगातार हो रही भारी बारिश की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन सतर्क मोड में कार्यरत है। रविवार को मुख्यमंत्री महोदय की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रदेशभर में बाढ़ की तैयारियों, आपदा प्रबंधन, बचाव कार्यों और वर्तमान वर्षा की स्थिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

मुख्यमंत्री के निर्देशों की अनुपालना में जिला कलेक्टर कमल राम मीना ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की और संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए। बैठक में पुलिस, सिंचाई, कृषि, पशुपालन, पीएचईडी, एवीवीएनएल, पीडब्ल्यूडी, चिकित्सा, नागरिक सुरक्षा, राहत, डीओआईटी, राजस्व सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बच्चों को जलभराव क्षेत्रों से दूर रहने की अपीलजिले में कुल 13 वर्षामापी केन्द्र सक्रिय हैं। बांध, तालाब, जलाशयों व पोखरों पर आमजन के लिए चेतावनी पट्टिकाएं लगाई गई हैं। बच्चों व ग्रामीणों को जल भराव क्षेत्रों से दूर रहने की सलाह दी गई है।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय द्वारा मानसून को देखते हुए कंट्रोल रूम (01462-299161) स्थापित कर दिया गया है। जिले में कुल 33 एम्बुलेंस कार्यरत हैं, जिनमें 11 - 108 एम्बुलेंस, 10 - 104 एम्बुलेंस, बाईक एम्बुलेंस व अन्य शामिल हैं।

जलजनित व मच्छरजनित रोगों की रोकथाम हेतु एक जिला स्तरीय, पांच खण्ड स्तरीय एवं 58 चिकित्सालय स्तरीय रेपिड रेस्पॉन्स टीमें गठित की गई हैं। इसके अतिरिक्त 905 टीमें घर-घर सर्वे कार्य में लगी हुई हैं। सभी चिकित्सा संस्थानों में पर्याप्त मात्रा में जीवन रक्षक औषधियाँ, एंटी रैबीज़ वैक्सीन, एंटी स्नेक वेनम, ओआरएस, ड्रिप्स, टायफाइड व डेंगू की दवाइयाँ तथा कीटनाशक (टेमिफोस, एमएलओ, पायरेथ्रम) उपलब्ध हैं।सभी चिकित्सा अधिकारियों व पेरामेडिकल स्टाफ को मुख्यालय पर बने रहने के निर्देश दिए गए हैं। अस्पतालों में साफ-सफाई सुनिश्चित करने के भी निर्देश जारी कर दिए गए हैं। वर्तमान में जिले में मौसमी रोग नियंत्रण में हैं।कलेक्ट्रेट में आयोजित आपदा प्रबंधन बैठक में कलेक्टर मीना ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि बाढ़ या जलभराव से प्रभावित क्षेत्रों में समय रहते राहत पहुंचाई जाए। पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहायता तुरंत मुहैया करवाई जाए। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

प्रभावित क्षेत्रों का दौरा व सतत निगरानीकलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र का दौरा करें और अतिवृष्टि की स्थिति का प्रत्यक्ष अवलोकन कर राहत कार्यों को गति दें। उन्होंने स्वयं भी स्थिति की निगरानी करते हुए प्रभावित क्षेत्रों में व्यक्तिगत रूप से पहुंचने की बात कही।जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि भारी बारिश, आकाशीय बिजली व जलभराव की स्थिति में अत्यधिक सावधानी बरतें। जलाशयों, नदियों व अन्य जल स्त्रोतों से दूर रहें और प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करें।बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह, अतिरिक्त जिला कलेक्टर मोहनलाल खटनावलिया,एसीईओ गोपाल लाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिनवाणी सुनने उमड़े श्रावक

**भीलवाड़ा।** संत के आगमन से नगर पावन हो जाता है। संत आने से सब सोना ही सोना हो जाता है ओर संत चले जाए तो सब सूना हो जाता है। संतों से मिलने वाले मंत्र हमारे लिए औषधि का कार्य करते है ओर शरीर की नकारात्मक उर्जा को समाप्त करते है। तपस्या हमारे जीवन को निर्मल ओर पावन बना देती है। जो तपता है वहीं जीवन में सुख पाता है। दुःख को देखे बिना व्यक्ति को सुख का अहसास नहीं हो सकता है। ये विचार अनुष्ठान आराधिका ज्योतिष चन्द्रिका महासाध्वी डॉ. कुमुदलताजी म.सा. ने रविवार को आध्यात्मिक चातुर्मास आयोजन समिति द्वारा सुभाषनगर श्रीसंघ के तत्वावधान में आयोजित धर्मसभा में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि जैनियों के धर्मग्रंथ को आगम कहा जाता है जो हमारे मार्गदर्शक होने के साथ हमारी पहचान भी है। आगम संतो के सुरक्षा कवच है ओर संत उनका वाचन करते है। स्वर साम्राज्ञी महासाध्वी महाप्रज्ञाजी म.सा. ने भक्ति के विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि जीवन में हमेशा दो मार्ग होते है भोग ओर भक्ति, अंधकार ओर प्रकाश,कंकर ओर शंकर।

## डॉग बाईट की बढ़ रही घटनाओं से शहरवासी परेशान

**भीलवाड़ा।** पीपुल फॉर एनीमल्स के प्रदेश प्रभारी बाबूलाल जाजू ने जिला कलक्टर एवं नगर निगम आयुक्त को पत्र लिखकर श्वानों की बढ़ती संख्या को नियंत्रित करने की मांग की है। जाजू ने कहा कि भीलवाड़ा की जनसंख्या के अनुपात में श्वानों की संख्या बहुत अधिक है जिससे निरंतर शहर में श्वानों के काटने की घटनाएं घटित होकर शहरवासी परेशान है।

जाजू ने बताया कि पशु करता निवारण (पीसीए) अधिनियम 1960 के तहत आवारा श्वानों की संख्या नियंत्रित करने का एकमात्र तरीका बधियाकरण है। शहरों में तेज रोशनी के कारण श्वानों की नींद पूरी नहीं होने एवं भूखे रहने के कारण वे आकामक होते हैं तथा सोते समय अचानक तेज लाईट पड़ते ही श्वान अचानक उठते हैं और उनकी नींद बाधित होती है जिससे वे पूरा दिन आकामक रहते हैं और ऐसे श्वान लोगों को काट लेते हैं। जाजू ने बताया कि पिछले साढ़े तीन वर्षों में 9295 व्यक्तियों को कुत्तों के काटने से एंटीरेबिज इंजेक्शन राजकीय चिकित्सालय में लगाये गये हैं। तथा इस संबंध में तत्कालीन जिला कलक्टरे एवं आयुक्त, नगर निगम को दिनांक 25.05.2024, 03.01.2022, 16.01.2024, 08.12.2023 को भी पत्र लिखे गये थे। डॉग्स के बंधियाकरण हेतु नगर निगम द्वारा कागजी प्रक्रिया शुरु भी की गई थी परंतु अब तक जमीनी स्तर पर कार्य शुरु नहीं हुआ, जिससे आये दिन श्वानों के काटने की घटनाएं बढ़ रही है। जाजू ने जिला प्रशासन व नगर निगम से एबीसी रुल्स के तहतशीघ्र बधियाकरण शुरु करने की मांग की है। जाजू ने कहा कि नगर निगम द्वारा अनेक बार श्वानों का बंधियाकरण कर संख्या नियंत्रित करने से बचने के लिए आमजन में यह संदेश पहुंचाया जाता है कि जाजू द्वारा प्रकिया पर रोक लगा रखी है जो शत प्रतिशत निराधार है। जाजू ने कहा कि यदि संख्या नियंत्रित करने के लिए श्वानों के बधियाकरण की कार्यवाही नहीं होती है तो शीघ्र ही न्यायालय की शरण लेंगे।

## जल भराव क्षेत्रों में की एंटी लार्वा व एंटी एडल्ट गतिविधियाँ

**अजमेर।** अजमेर जिले के समस्त जल भराव प्रभावित क्षेत्रों में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा व्यापक स्तर पर एंटी लार्वा व एंटी एडल्ट गतिविधियाँ संचालित की गईं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ज्योत्सना रंगा ने बताया कि विभाग द्वारा मानसून सीजन में निरंतर निगरानी की जा रही है। इससे डेंगू, मलेरिया व चिकनगुनिया जैसी बीमारियों की रोकथाम सुनिश्चित की जा सके। विभाग की टीमों ने घर-घर जाकर पानी जमा होने वाले स्थलों की जांच की और संभावित मच्छर प्रजनन स्थलों पर एंटी लार्वा दवाओं का छिड़काव किया। साथ ही मच्छरनाशक फॉगिंग कर एंटी एडल्ट गतिविधियाँ भी की गईं। इसके अतिरिक्त जनसामान्य को मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के लिए आवश्यक जानकारी भी दी गई। मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए आवश्यक दवाओं का भी वितरण किया गया।

## रक्त जांच शिविर का आयोजन

**ब्यावर** (निसँ) गौड ब्राह्मण समाज संस्था एवं ब्राह्मण समाज के संयुक्त तत्वावधान में अजमेर रोड स्थित श्री परशुराम भवन में रक्त जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ भगवान परशुराम जी की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्वलित कर और माल्यार्पण कर किया गया, शिविर में लाल पाथलैब्स ब्यावर के द्वारा रियायती दरों पर रक्त की जांच की गई।

संयोजक मनोज शर्मा ने बताया कि शिविर में 60 से 70 लाभार्थियों ने करीबन हजार से 1100 रक्त जांच कराई,लाल पाथलैब्स के संजय शर्मा ने अपनी अपनी जांच टीम के साथ उल्लेखनीय सेवाएं प्रदान की,शुगर की व्यवस्थाओं में हरीश चंद शर्मा,योगेश पंचोली,राजेश शर्मा बाबा,संदीप भार्गव,संजय पांडे,अरुण भारद्वाज,अनिल भोजक,राधा मोहन जोशी,लोकेश उपाध्याय,विजय पारीक,दीपक गील,भुवनेश शर्मा रमेश शर्मा,विष्णु शर्मा,हनुमान, रोहित आचार्य,शंभू दयाल व्यास, हेमंत लता मनोज शास्त्री, प्रसून शुक्ला, मुकेश शर्मा, विष्णु धीमान, सुरेश उपाध्याय, नरेंद्र शर्मा, रसिक बिहारी व्यास,विजय शर्मा, रवि डंडायत, जसराज शर्मा, कुशल शर्मा एवं अन्य सदस्यों ने अपनी सेवाएं प्रदान दी,शिविर के समापन पर श्री गुर्जर गौड़ समाज की नवगठित युवा कार्यकारिणी का स्वागत भी किया गया इनमें मुकेश उपाध्याय अध्यक्ष,अखिल उपाध्याय मुरली मनोहर शर्मा उपाध्यक्ष,संजय शर्मा सचिव,रविंद्र जोशी सह सचिव,सूर्य प्रकाश तिवारी कोषाध्यक्ष,नंदीश जोशी सांस्कृतिक मंत्री, सुयोग तिवारी संगठन मंत्री, उपस्थित रहे,इसके अतिरिक्त समाज के विभिन्न सदस्य जो अभी हाल में ही विभिन्न पदों पर नियुक्त हुए हैं उनका अभिनंदन किया गया इनमें एस एन शर्मा जिला अध्यक्ष प्रकोष्ठ, कांग्रेस ,सुलक्षणा शर्मा प्रदेश महासचिव महिला कांग्रेस, भाजपा पदाधिकारी यज्ञेश शर्मा विधि सलाहकार नगर परिषद, राजीव मिश्रा जिला प्रभारी बजरंग दल चंद्रशेखर शर्मा एवं हिमांशु शर्मा मंडल अध्यक्ष कांग्रेस सम्मिलित रहे। शिविर समापन पर संयोजक मनोज शर्मा ने बताया कि समाज की ओर से भविष्य में चिकित्सा के क्षेत्र में ऐसे ही चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जाएगा जिससे शहर के सम्माननीय नागरिकों को सस्ती दर पर इलाज व जांच सुविधा उपलब्ध हो सके।

## एडीए सचिव अनिल पूनिया ने जल भराव क्षेत्र का किया दौरा

**अजमेर।** शहर में पिछले दो दिनों से लगातार हुई मूसलाधार से बरसात से शहर की वरुण सागर व आना सागर झील के ओवरफ्लो होने के बाद, अजमेर शहर की कालोनियां जलमग्न होने के बाद प्रभावित हुए इलाकों का रविवार को अजमेर विकास प्राधिकरण के आयुक्त नित्या के निर्देश पर एडीए सचिव अनिल कुमार पूनिया ने क्षेत्र का दौरा किया।

वैशाली नगर में आनासागर सर्कुलर रोड पर पानी सड़क तक पहुंचा है, प्रशासन ने कई हिस्सों में आवागमन बंद कर दिया है। प्रशासन ने भी अलग-अलग क्षेत्र में प्रशासनिक अधिकारियों की नियुक्ति कर जल भराव वाले क्षेत्रों में आमजन को कोई परेशानी हो न हो इसके पुख्ता इंतजाम भी कर रखे हैं, इसी के तहत रविवार को वैशाली नगर के वन विहार क्षेत्र का अजमेर विकास प्राधिकरण के सचिव क्षेत्र के प्रभारी अनिल कुमार पुनिया ने निरीक्षण किया, उन्होंने क्षेत्र में जल निकासी के लिए मंड पंप लगाकर पानी की निकासी की जा रही है, उन्होंने वहां नियुक्त कनिष्ठ अभियंता राजीव मीना, रघुनंदन चौहान को निर्देश दिए कि क्षेत्र में आमजन को कोई समस्या न हो उसके लिए भोजन के पैकेट अन्य कोई भी सामान की आवश्यकता हो तो उन्हें तुरंत उपलब्ध करवाया जाए। इस क्षेत्र में पंप और लगते हो तो उसके बारे में भी विचार विमर्श किया जा सकता है, उन्होंने बताया कि उन्होंने पूरे क्षेत्र का निरीक्षण किया है, जल अभी भी भरा हुआ है, लेकिन उन्होंने उम्मीद जताई कि कालोनियां से शीघ्र पानी को खाली कर लिया जाएगा।

## बारिश के बाद मौसमी बीमारियों के बढ़ते खतरे की संभावना पर स्वास्थ्य विभाग सतर्क

**भीलवाड़ा।** जिले में हाल ही में हुई बारिश के बाद मौसमी बीमारियों के प्रसार की आशंका को देखते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क हो गया है। मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया जैसी बीमारियों की रोकथाम के लिए जिलेभर में ड्राइ डे के दौरान व्यापक स्तर पर एंटीलारवल व एंटी-अडल्ट मच्छर गतिविधियों को अंजाम दिया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सी. पी. गोस्वामी ने बताया कि बरसात के बाद संक्रमण फैलाने वाले मच्छरों की संख्या में बढ़ोतरी होती है, जिससे डेंगू, मलेरिया व अन्य मौसमी रोग तेजी से फैलते हैं। मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए सभी क्षेत्रीय स्वास्थ्य संस्थानों के चिकित्सा अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए हर घर तक पहुंचकर स्वास्थ्य सर्वे, पॉजिटिव लार्वा के निस्तारण एवं जनजागरूकता गतिविधियों को प्राथमिकता के साथ संपादित करावे।

सभी चिकित्सा संस्थाओं के प्रभारी एएनएम, आशा सहयोगिनी एवं संबंधित टीम के साथ मिलकर प्रतिदिन क्षेत्रवार निरीक्षण करें। प्रत्येक वार्ड, गांव एवं कॉलोनी में रोग नियंत्रण की समस्त गतिविधियों को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। डिप्टी सीएमएचओ डॉ. प्रवीण झरवाल ने बताया कि मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए पूर्ण व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर जिले के समस्त ब्लॉकों एवं नगरीय क्षेत्रों में ड्राई डे, आईईसी गतिविधियां, हाउस टू हाउस सर्वे, मलेरिया पॉजिटिव रोगियों की समय पर रिपोर्टिंग व उपचार, ब्लड स्लाइड कलेक्शन, एवं गणेश पंप से जलभराव स्थलों पर रसायन छिड़काव आदि कार्य योजनाबद्ध रूप से करवाए जा रहे हैं।

साथ ही मौसमी बीमारियों के फैलने की किसी भी तरह की गंभीर स्थिति से निपटने के लिए विभाग के पास रैपिड रिस्पॉन्स टीम, एमएलओ, मलेरिया टेक्नीशियन, स्लाइड कलेक्शन संसाधन सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं तैयार हैं।

## गुरु दक्षिणा कार्यक्रम

**ब्यावर।** पतंजलि योग समिति के महामंत्री सुरेंद्र खंडेलवाल, तहसील प्रभारी कैलाश शर्मा एवं अभिमन्यु गहलोत ने गुरु के महत्व को बताया।

## विशेष किशोर पुलिस इकाई एवं बाल कल्याण से जुड़े विभागों की ली बैठक

**अजमेर।** बाल संरक्षण एवं महिला सुरक्षा की स्थिति की समीक्षा के लिए राजस्थान उच्च न्यायालय किशोर न्याय समिति के अध्यक्ष न्यायाधिपति मनोज कुमार गर्ग द्वारा अजमेर की अपनी दो दिवसीय यात्रा के द्वितीय दिवस रविवार को राजकीय बालिका गृह, राजकीय नारी निकेतन, अपना घर मानसिक विमंदित गृह, दयानन्द बाल सदन बाल गृह एवं बालिका गृह का निरीक्षण किया गया।

राजस्थान उच्च न्यायालय किशोर न्याय समिति के अध्यक्ष न्यायाधिपति मनोज कुमार गर्ग ने राजकीय बालिका गृह की बालिकाओं द्वारा तैयार की गई कलाकृतियों की सराहना की एवं उनके द्वारा योग की विभिन्न मुद्राओं की प्रस्तुति देखकर प्रसन्नता व्यक्त की। इसके लिए प्रशिक्षक फरहाना एवं अधीक्षक रेखा मेघवाल की सराहना की। इसके बाद उन्होंने नारी निकेतन की आवासिनियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। उनकी समुचित व्यवस्थाओं के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

अपना घर मानसिक विमंदित गृह के संचालकों द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों को ईश्वरीय कार्य कहा। दयानन्द बाल सदन बाल गृह एवं बालिका गृह के बच्चों द्वारा बनाई जा रही काष्ठ कलाकृतियां की सराहना की।

# अजमेर जलभराव के लिए भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार जिम्मेदार

- विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी बंद करे दोषारोपण की राजनीति और धरातल पर करके दिखाए विकास कार्य
- पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने किया जल भराव क्षेत्रों का दौरा और ली बिगड़े हालातों की जानकारी
- जल भराव के पीड़ितों से की मुलाकात व दी आर्थिक सहायता

**अजमेर/जयपुर।** पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने आज रविवार शाम अजमेर स्मार्ट सिटी में घुटनों तक पानी में उतरकर भारी बारिश से बिगड़े हालातों का जायजा लिया और प्रभावित परिवारों और लोगों से मुलाकात कर उनके दुख दर्द को जाना।

साथ ही अग्रसेन सर्किल के पास बारिश से डूबे मकान के एक गरीब लुहार परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की। उन्होंने जलमग्न अजमेर की बर्बादी के लिए जिला प्रशासन, स्थानीय भाजपा के केंद्र व राज्य के मंत्रियों को जिम्मेदार ठहराया। आज शाम को सूचना केंद अठासेन चौराहा, मेडिकल कालेज, बजरंगगढ़ चौराहा और आनासागर चौपाटी के पास घुटनों तक भरे पानी के इलाकों केका दौरा किया और हालातों को करीबी से देखा। दौरे के दौरान राठौड ने अजमेर के जलमग्न हालातों को लेकर भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार को जमकर घेरा और जिम्मेदार ठहराया । पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड ने कहा कि अजमेर जिला प्रशासन, स्थानीय मंत्री और राज्य की भाजपा सरकार ने बारिश से पूर्व होने इंतजाम नहीं किए व भारी बारिश की चेतावनी के बावजूद कोई ठोस कोई कदम नहीं उठाए। इसलिए पूरे अजमेर जलभराव के हालात बने है और लोग पानी भरने से भयंकर परेशान है। जिला प्रशासन ने चार जगह राहत शिविर तो लगा दिए लेकिन राहत शिविर में लोगों को कोई राहत नहीं मिल पा रही है। लोग जल भराव से परेशान है और खाने को तरस रहे है। उन्होंने अजमेर उत्तर विधायक व राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि देवनानी लगातार पांच बार से अजमेर विधायक है और वर्तमान में विधानसभा अध्यक्ष के पद पर है और सरकार में बड़े पद पर बैठे है। उन्ही के क्षेत्र में जलभराव के सबसे ज्यादा हालत खराब हो रखे है। जाहिर है देवनानी ने शहर के विकास के लिए क्या काम किया, वो सबके सामने है। उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी दोषारोपण की राजनीति करना बंद करे, बल्कि धरातल पर विकास के काम करके दिखाए, जिससे अजमेरवासियों को राहत मिल सके। पानी भरने के बाद दौरे करने से कुछ नहीं होने वाला, जनता ने आपको और आपके विकास को अच्छी तरह से देख लिया। राठौड ने कहा कि अजमेर से केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी, जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत, विधायक अनिता भदेल है। नगर निगम में भाजपा को बोर्ड है और करीब दो साल से राज्य में भाजपा की सरकार है। बावजूद इसके इन सबकी नाकामी अजमेर वासियों किए आफत बनी हुई है। दौरे के दौरान राठौड ने बजरंगगढ़ चौराहा शिविर में नगर निगम अधिकारियों से बातचीत की और हालातों की जानकारी ली। सूचना केंद्र के पास घुटनों तक भरे पानी में होकर गुजर रहे लोगों और मरीजों से बात की और उनकी समस्या को जाना।

इस दौरान कांठोस महासचिव पार्षद नौरत गुर्जर, ब्लॉक कांठोस अध्यक्ष शैलेंद्र अठावाल, पूर्व पार्षद सर्वेश पारीक, आरिफ खान, विकास चौहान, प्रिंस ओबीडाया, युनुस शेख, पंकज छोटवानी, सुमित मित्तल, शरद कपूर, निर्मल पारीक, विश्वेश पारीक,अशरफ अली व नन्द लाल गुर्जर आदि पदाधिकारी साथ थे।

## नेत्र एवं दन्त रोगियों का हुआ निशुल्क इलाज

**भीलवाड़ा।** श्री गणेश उत्सव प्रबंध एवं सेवा समिति एवं अन्धता निवारण सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में चार दिवसीय निशुल्क जांच एवं परामर्श मोतियाबिंद शिविर आज आरसी व्यास कॉलोनी स्थित अपना घर वृद्धाश्रम में प्रातः 10 बजे शुभारंभ हुआ जिसमें 32 नेत्र रोगियो का निशुल्क इलाज प्रारंभ किया गया।

समिति मीडिया प्रभारी महावीर समदानी ने बताया कि डॉ कृष्णा हेडा फेको सर्जन द्वारा आज नेत्र रोगियों की निशुल्क जांच की गई , जांच के दौरान आंखों में दवाई डालकर ऑपरेशन योग्य रोगियों को चयनित किया चयनित नेत्र रोगियों के 21 जुलाई को ऑपरेशन किए जाएंगे इसके साथ ही डॉ रोहित बसेर एवं डॉ खुशबू बसेर द्वारा 20 दंत रोगियों को अपनी निशुल्क सेवाए दी इसअवसर पर समिति अध्यक्ष उदयलाल समदानी ,बनवारी लाल मुरारका, जय कृष्ण मित्तल, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल,अरुण जागेटिया ,गणपत जागेटिया, सुभाष गर्ग, राम नारायण सोमानी, सत्यनारायण नुवाल,चंद्रकांता नुवाल ,छीतरमल लढ्ढा घनश्याम डाड, लादू लाल माली ने सेवाएं दी।

**आम सूचना**

मेरे पिता बाबूलाल पुत्र गणेश जाती रेगर निवासी गांव निम्बार्क तीर्थ सलेमाबाद तहसील किशनगढ़ जिला अजमेर की मृत्यु दिनांक 15 मार्च 1988 को निवास स्थान पर हो गई। इनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिये तहसील कार्यालय किशनगढ़ में आवेदन किया है, इस संबंध में किसी को आपत्ति हो 7 दिवस में अपनी आपत्ति तहसीलदार के समक्ष दर्ज कराये, बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होंगी। प्रार्थी-पप्पूलाल रेगर पुत्र बाबूलाल

**आम सूचना**

मेरी मां बाली देवी पत्नी अर्जुन जाती बावरी निवासी गांव नोनन्दपुरा तहसील किशनगढ़ जिला अजमेर की मृत्यु दिनांक 10 फरवरी 2004 को निवास स्थान पर हो गई। इनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिये तहसील कार्यालय किशनगढ़ में आवेदन किया है, इस संबंध में किसी को आपत्ति हो 7 दिवस में अपनी आपत्ति तहसीलदार के समक्ष दर्ज कराये, बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होंगी। प्रार्थी-सुगनलाल पुत्र अर्जुनलाल